मंगल पाठ से कार्यक्रम शुरु

चूरू । जिला मुख्यालय पर सातडा कॉलोनी स्थित धोली सती दादी मन्दिर में भादव अमावस्या पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरूवार को भव्य मंगल पाठ से हुआ। संगीतमय पाठ का वाचन कोलकाता के गायक कलाकार शौरभ मधुकर ने किया। सातड़ा परिवार के विजय कुमार ने बताया कि बंगाल के कारीगरों द्वारा दादी का भव्य श्रृंगार किया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 11 बजे रूद्राभिषेक और रात्री को भव्य जागरण का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कुमार शानू, प्रियंका गुप्ता और प्रकाश ओडेका अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुतियां देंगे और शनिवार को दादी की धोक लगायी जायेगी। इस अवसर पर लालचन्द, राजकुमार विश्वनाथ, जगदीश प्रसाद, हरिप्रसाद, मोन्टू, सुनिल, महेश मेहरीवाला, हरि मोहता, राजू ठठेरा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी।

भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि ने ही दो महीने में बांट दी बीजेपी

- चिड़ावा में दिखी तस्वीर बनी चर्चा का विषय, उप जिला अस्पताल में हुए कार्यक्रम में बीजेपी नेता नदारद
- विधानसभा के प्रत्याशी व भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया दिखाई दिए

झुंझुनूं, । जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि को भाजपा जिलाध्यक्ष बने हुए अभी करीब दो महीने ही हुए है कि हर्षिनी कुलहरि चिड़ावा कस्बे में या तो स्थानीय राजनीति की शिकार हो गई। या फिर वे जानबूझकर ऐसा काम कर बैठी। जिससे सियासी गलियारों में चर्चा शुरू हो गई कि जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि ने बीजेपी को बांटने का काम शुरू कर दिया है। दरअसल गुरूवार को चिड़ावा उप जिला अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा शुरू की गई है।

जिसका लोकार्पण करने के लिए जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि पहुंची। लेकिन कार्यक्रम में ना तो विधानसभा के प्रत्याशी व भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया दिखाई दिए। ना ही नगर मंडल भाजपा के अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर या फिर अन्य कोई भाजपा का वो कार्यकर्ता जो गत विधानसभा चुनावों में भाजपा के बागी कैलाश मेघवाल तथा कांठोस, दोनों से संघर्ष कर रहा था। इस कार्यक्रम में ओबीसी आयोग के सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया तथा पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल शामिल हुए। जब इस मामले में पड़ताल की गई तो सामने आया कि जिलाध्यक्ष ने इस कार्यक्रम की जानकारी ना तो राजेश दहिया को दी और ना ही नगर मंडल अध्यक्ष को दी। दो महीने पहले संगठन की एकता का आ ान करने वाली जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि महज दो महीने बाद ही पार्टी के नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों को दरकिनार करते हुए नजर आई। जो चर्चा का विषय बन गया है। बहरहाल, यह भाजपा का अंदरूनी मामला है। मुख्य खबर यह है कि आज चिड़ावा के उप जिला अस्पताल में दो अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनों का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिणी कुल्हरी ने इस सुविधा का उद्घाटन किया। अब मरीजों को डायलिसिस के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इससे उनका समय और पैसा दोनों बचेगा।

कार्यक्रम में ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, पिलानी प्रधान बिरमा देवी और झेरली सरपंच अनुप देवी मौजूद थे। पीएमओ डॉ. नितेश जांगिड़, डॉ. नेहा सुथार और डॉ. सन्त कुमार जांगिड़ समेत अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए। आपको यहां यह भी बता दें कि हर्षिनी कुलहरि को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद भाजपा के तत्कालीन प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानूं ने भी सवाल उठाए थे। जिसके बाद पार्टी ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। विवादों में होने के बावजूद हर्षिनी कुलहरि द्वारा पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों को दरकिनार करना राजनैतिक जानकारों के अनुसार अच्छा संकेत नहीं है।

मैं सरकारी कार्यक्रम में आई – कुलहरि

इस मामले में जब पत्रकारों ने हर्षिनी कुलहरि से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि यह कोई कार्यक्रम पार्टी विशेष का कार्यक्रम नहीं है। वे जिला प्रमुख के पद पर है। इसलिए जिलाध्यक्ष व जिला प्रमुख, दोनों के नाते से आई है। लेकिन कार्यक्रम सरकारी है। पर कुलहरि को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि प्रदेश व केंद्र सरकार के मंत्री भी जब जिले में आते है तो वे एक प्रोटोकॉल के नाते जिलाध्यक्षों को इसकी जानकारी देते है। कार्यक्रम में सिर्फ पार्टी के पदाधिकारियों को ही दरकिनार नहीं किया गया। बल्कि विधानसभा चुनाव लड़ चुके और जिला महामंत्री जैसे पद को संभाल रहे राजेश दहिया को भी दरकिनार किया गया है।

बाल विवाह के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

- विवाह नहीं करने के लिए जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया

सीकर । बाल अधिकारिता विभाग सीकर की सहायक निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा ने बताया कि गुरूवार को चाइल्ड हैल्पलाइन 1098 टीम ने बाल विवाह नहीं करने के लिए जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया। चाईल्ड हैल्पलाइन सीकर के जिला समन्वयक राहुल दानोदिया ने मदरसा इस्लामिया उच्च प्राथमिक विद्यालय सीकर के बच्चों के साथ, बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर पड़ने वाले प्रभावों से अवगत करवाया गया।

कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे मे जानकारी देने के साथ ही बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलवाई गई। बाल विवाह में शामिल होने वाले हलवाई, पंडित, फोटोग्राफर, बाराती, टेंटवाला, डी.जे.वाला एवं बाल विवाह में भागीदारी लेने वाले सभी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 में 2 साल की सजा का प्रावधान है, अगर कही भी बाल विवाह होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन या चाइल्ड हैल्पलाइन 1098 पर दें, बाल विवाह सूचना देने वालों की पहचान उजागर नही की जाती है और स्कूल के बच्चों को ''लैगिंक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 व गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ।

षड़यंत्र को रोकने के लिए दिया ज्ञापन

- उपखंड मजिस्ट्रेट नवलगढ़ अधिकारी अनुसूचित जाति से आता है

झुंझुनूं,। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष विकास आल्हा के नेतृत्व उपखंड अधिकारी नवलगढ़ व उपखंड मजिस्ट्रेट नवलगढ़ अधिकारी अनुसूचित जाति से आता है। वकीलों द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र कार्य योजना के अंतर्गत इस वर्ग के प्रशासनिक अधिकारी को काम नहीं करने देने का आरोप लगाया है। नवलगढ़ में उपखंड में यह पांचवीं घटना घटित हुई है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। भीम आर्मी यह मांग करती है कि नवलगढ़ एसडीएम को प्रशासनिक मदद की जाए यदि जिला प्रशासन ऐसा नहीं करता है तो भीम आर्मी उनके समर्थन में आंदोलन करेगी जिसकी सीधी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस प्रतिनिधिमंडल डॉ. जगदीश बरवड़, डॉ. विकास काला, रामानंद आर्य, भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष पवन कुमार, तहसील उपाध्यक्ष शुभकरण बसवाला, निवास कुमार गर्वा, कृष्ण कुमार, विजेंद्र भाटिया, शीशराम सिलोलिया, प्रभुदयाल, देवकरण मेहरिया सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिविर कल

झुंझुनूं,। अमावस्या के अवसर पर 23 अगस्त 10 बजे से चूणा चौक रानी सती रोड झुंझुनूं पर नींबू शिकंजी वितरण का शिविर लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए मंच अध्यक्ष अंकित पोद्दार एवं सचिव सीए सौरभ रिंगसिया ने बताया कि उक्त शिविर का शुभारंभ जिला प्रमुख एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि एवं जीएसटी के जॉइंट कमिश्नर उमेश जालान के द्वारा किया जाएगा।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका सरदारशहर द्वारा कानाराम पुत्र रामेश्वर लाल के नाम से पट्टा स 143 दिनांक 31.05.2022 को जारी शुदा स्थित है जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय सरदारशहर में दिनांक 30.12.2022 व संशोधन दिनांक 12.05.2025 को हो चुका है। यह कि उक्त पट्टा धारक कानाराम बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा सरदारशहर से ऋण लेना चाहता है जिस हेतु उसने अपना उक्त पट्टा बैंक में बंधक रखने हेतु पेश किया है। यह कि किसी भी व्यक्ति को उक्त पट्टा भूमि से सम्बंधित कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस में मुझ अधिवक्ता के समक्ष पेश करें अन्यथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकार किया जा सकेगा।
दिनांक 21.08.2025
पवन कुमार सोनी - एडवोकेट

खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटाने की अंतिम तिथि 31 अगस्त

झुंझुनूं, । खाद्य सुरक्षा लाभ लेने वाले अपात्र परिवारों पर अब कार्रवाई की तैयारी है। जिले में खाद्य सुरक्षा सूची का पुनरीक्षण चल रहा है और विभाग ने साफ कर दिया है कि जो परिवार पात्र नहीं हैं, वे स्वयं पहल कर अपना नाम सूची से हटवाएं। इसके लिए नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। वहीं, जिला रसद कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र दिया जा सकता है। झुंझुनूं जिले में अब तक 9,742 राशन कार्डधारक, जिनकी लगभग 48,710 यूनिट है, ''गिव अप'' अभियान के तहत अपना नाम सूची से हटवा चुके हैं। विभाग इसे सकारात्मक पहल मान रहा है और उम्मीद है कि बाकी अपात्र परिवार भी समय रहते आगे आएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 31 अगस्त, 2025 अंतिम तिथि है। इसके बाद यदि कोई अपात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा के तहत राशन प्राप्त करता पाया गया तो उसके खिलाफ वसूली और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी बताया है कि कई उपभोक्ता पिछले 6 माह से लेकर 2 साल तक राशन नहीं ले रहे हैं, जबकि उससे पहले वे लगातार राशन लेते रहे हैं।

ऐसे उपभोक्ताओं की सूची ग्राम पंचायतों, उचित मूल्य दुकानों, नगर पालिका और नगर परिषद कार्यालयों में चस्पा की जा रही है। इन उपभोक्ताओं को 7 दिन का समय दिया गया है अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए। यदि कोई जवाब नहीं मिला तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। जिला रसद विभाग ने अपात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वे समय रहते अपना नाम सूची से हटवा लें, ताकि भविष्य में किसी तरह की कार्रवाई या असुविधा का सामना न करना पड़े।

साईकिल अभियान के तहत कार्यक्रम 24 को

झुंझुनूं, । पूरे देश में चलाए जा रहे संडेज ऑन साईकिल के तहत 24 अगस्त रविवार को झुंझुनूं में कार्यक्रम होगा। झुंझुनूं प्रगति संस्थान और झुंझुनूं एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि भारत सरकार के खेल मंत्रालय के पत्र की अनुपालना में फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत 24 अगस्त 2025 को पुलिस लाइन झुंझुनूं में झुंझुनू प्रगति संस्थान एवं झुंझुनूं एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में सुबह छह बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पहले छह से 6:30 बजे तक योग शिविर होगा। तत्पश्चात एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय द्वारा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर 6:30 बजे रवाना किया जाएगा। जो नेहरू पार्क कलेक्ट्रेट सर्किल पर आकर समाप्त होगी।

पेस परीक्षा टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

झुंझुनूं, । झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल में गुरुवार को प्रार्थना सभा के पश्चात कक्षा नौ से लेकर 12 तक के विद्यार्थियों को पेस एवं यूनिट टेस्ट द्वितीय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा सम्मानित किया गया।

इस क्रम में कक्षा नौ में मयंक झाझड़िया, ध्रुवपाल ने प्रथम, चारवि, अगस्त्य एवं साक्षी ने द्वितीय तथा लोकेंद्र एवं प्रज्ञा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में इशिका जानूं ने प्रथम, इकरा राईन ने द्वितीय तथा इशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 विज्ञान वर्ग में पलक, पार्थ एवं श्रेया ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में शौर्य ने प्रथम, तनिष कुमार ने द्वितीय तथा दृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कला वर्ग में निधि ने प्रथम, अर्पिता शर्मा ने द्वितीय तथा मंजिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं वाणिज्य में सक्षम केडिया ने प्रथम, प्राची ने द्वितीय तथा भव्य शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विज्ञान वर्ग में फरहीन खान ने प्रथम, लक्ष्मी और लीजा ने द्वितीय तथा आशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में सुमित ने प्रथम, सृष्टि ने द्वितीय तथा ऋतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी में हर पेस परीक्षा के बाद विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने तथा उनका हौंसला बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने सभी टॉपर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है एवं प्रतिस्पर्द्धा भी बढ़ती है। हर परीक्षा के पश्चात परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह बना रहता है।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं और ऐसे ही आयोजनों से झुंझुनूं एकेडमी के विद्यार्थी 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले भर में सर्वाधिक संख्या में 90 और 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर उप प्राचार्या सरोज सिंह, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि सहित सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल छात्रा जिज्ञासा एवं सुहानी झा ने किया।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/3287-89 दिनांक - 21/08/2025

प्रारूप-10
नियम-6(7)देखिये

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

क्र. सं.	आपति सूचना पत्रावली 90क		ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्रफल वर्ग मीटर में	प्रयोजन
	आवेदक का नाम	पत्रावली सं.				
1.	अनुवानी राधा स्वामी सतसंग (रिजोर्ट) शाखा -राजगढ़ जरिये-श्री सीताराम पुत्र श्री काशीराम, एन.एच.52 बाईपास राजगढ़ (चूरू)	292/08.04.2025	नगोर	679/479	11800	संस्थागत
2.	अनुवानी श्री सुभाष व राजू पुत्रगण श्रीमति मोहनी देवी पत्नी गुलजारी, वार्ड नं0- 28, मौहल्ला-धानकान, राजगढ़ (चूरू)	95/28.03.2019	खामीण राजगढ़	2534/352	15175.00	आवासीय

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप नही है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर - भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर - भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 21.08.2025 को जारी की गयी।

(राकेश कुमार अरोड़ा), अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ़ (चूरू)

कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2025-26/369-70 दिनांक :-21.08.2025

ई-निविदा सूचना संख्या - 01 / 2023-2024

ग्राम पंचायत सालासर में महात्मा गाँधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओ (नरेगा, सहित समस्त योजनाओं) में सामग्री आपूर्ति वर्ष 2025-26 हेतु ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की गयी है जिसकी अनुमानित लागत राशी 60.00 लाख है जिस की प्रतिभूति राशी के रूप में अनुमानित लागत राशी का 60.00 लाख का 2% से 1.20 लाख का प्रशासक ग्राम पंचायत सालासार के नाम से डीडी/बैंकर चैक जमा करवानी होगी इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत प्रतिष्ठानों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्यूमेंट प्रकियों से वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा दिनांक 21/08/2025 को 5.00 पी.एम से दिनाक 01/09/2025 को 6:00 पी.एम. तक आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है।

NIB Code-ZCR2526A0736
BID Title- ZCR2526GLOBO1238

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सालासर, पं.स.सुजानगढ (चूरू)
सरपंच, ग्राम पंचायत सालासर, पं.स.सुजानगढ (चूरू)

स्काई व नेवी ब्लू ड्रेस कोड में नजर आएंगे आयुष नर्सिंगकर्मी

- इसी क्रम में राजस्थान सरकार ने अब लंबे समय से चली आ रही मांग को मध्य नजर रखते हुए आयुर्वेद विभाग में एक और बदलाव कर इस पर मुहर लगा दी है

झुंझुनूं, । आयुर्वेद विभाग में राजस्थान सरकार की ओर से लगातार नए-नए नवाचारों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्थान सरकार ने अब लंबे समय से चली आ रही मांग को मध्य नजर रखते हुए आयुर्वेद विभाग में एक और बदलाव कर इस पर मुहर लगा दी है। जी हां, आयुर्वेद विभाग में भी अब एम्स की तर्ज पर आयुष नर्सेज नजर आएंगे। क्योंकि आयु ष नर्सेज के ड्रेस कोड में अब बदलाव किया गया है। पहले जहां सफेद ड्रेस कोड में नजर आने वाले आयुष नर्सेज अब स्काई और नेवी ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आएंगे। इसके लिए आयुर्वेद विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री (आयुष मंत्री) डॉ. प्रेमचंद बैरवा के निर्देशन में आयुर्वेद विभाग के उच्च अधिकारियों के सक्रिय प्रयासों के चलते यह बदलाव किया गया है। इसके लिए विभाग ने अधिकारिक रूप से आदेश भी जारी कर दिया है। आयुष विभाग के शासन उप सचिव सावन कुमार चायल ने बताया कि आयुष नर्सेज का ड्रेस कोड एम्स की तर्ज पर बदला गया है।

जिसमें पुरूष के लिए स्काई ब्लू शर्ट, नेवी ब्लू पेंट तथा महिला नर्सेज के लिए ब्लू साड़ी या कुर्ता एवं नेवी ब्लू सलवार लागू की गई है। इसके अलावा सफेद ऐप्रिन, नेवी ब्लू ब्लेजर या जर्सी, काले जूते व सफेद मौजें निर्धारित किए गए हैं। आयुष नर्सेज के ड्रेस में बदलाव करने को लेकर अखिल राजस्थान राज्य आयुष नर्सेज महासंघ की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी। महासंघ के पदाधिकारियों ने इसके लिए आयुष मंत्री और विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर इसमें बदलाव करने को लेकर प्रयास किए थे। जिस पर उपमुख्यमंत्री के निर्देशन में विभाग ने ड्रेस कोड बदलाव के आदेश जारी कर दिए हैं। इधर महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष छीतरमल सैनी ने इस मांग को पुरी करने पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और विभागीय अधिकारियों का आभार जताया।

सावन कुमार चायल, शासन उप सचिव,आयुष विभाग जयपुर का कहना है कि माननीय उप मुख्यमंत्री (आयुष मंत्री) के निर्देशानुसार आयुष नर्सिंगकर्मी का पहले जो सफेद ड्रेस कोड था उसमें अब बदलाव कर एम्स की तर्ज पर स्काई व नेवी ब्लू कर दिया गया है। इसके लिए अधिकारिक तौर पर आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब आयुष नर्सिंगकर्मी नए ड्रेस कोड में नजर आएंगे।

ग्रामीण बैंक द्वारा शिविर का आयोजन

पाटन । भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे तीन माह के संतृप्ति अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत बड़ाऊ में राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा बड़ाऊ द्वारा एक व्यापक जागरूकता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में प्रमुख अतिथि के रूप में अजीत सिंह (उप निदेशक, आयोजन विभाग, राजस्थान सरकार), मोहन लाल कुलदीप (क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय - नीम का थाना) तथा शाखा प्रबंधक - पप्पू राम मीणा उपस्थित रहे।अजीत सिंह ने ग्रामीणों को भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना () तथा अटल पेंशन योजना () के लाभों व आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योजनाओं के माध्यम से आम जन को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के प्रयासों को सराहा और सभी को इनसे जुड़ने के लिए प्रेरित किया।क्षेत्रीय प्रबंधक मोहन लाल कुलदीप ने जन धन खातों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को - की अनिवार्यता के बारे में बताया।

सीकर की महिलाओं को अवार्ड से सम्मानित किया

सीकर । हाथोज बाग में 'झरोखा लहरिया उत्सव 2025' का आयोजन नारी शक्ति को समर्पित एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक महोत्सव के रूप में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम बानाजी फिल्म के डायरेक्टर गजराज सिंह नाथावत के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर नारी शक्ति की मिसाल एवं केबीसी विजेता तेज कंवर जी राठौड़ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

उन्होंने अपने अनुभवों और विचारों से महिलाओं को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान की। वियान ठ्रुप की उपस्थिति में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति को सम्मानित किया गया। शेखावाटी क्षेत्र से सीकर की प्रतिष्ठित महिलाओं को पुष्पमालाओं व सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदित किया जिनमें शिवानी तिवाड़ी, शोभा सक्सेना, ममता , गरिमा , शालिनी माथुर, पुष्पा राठौड़, नीलम राठौड़, अभिलाषा रणवा और सोनू कुमावत को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया।

गजराज सिंह नाथावत की नई फिल्म कार्यक्रम में चर्चा का विषय रहा कि वियान ठ्रुप के बैनर तले गजराज सिंह नाथावत की नई फिल्म लाडो बाईसा और लवली की लव स्टोरी जल्द ही दर्शकों के सामने आने वाली है। यह फिल्म अक्टूबर माह में रिलीज़ होगी।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक क्षेत्रों में संस्थानिक/ वाणिज्यिक/ ग्रुप हाउसिंग एवं गैर औद्योगिक भूखण्डों का
सरल ई-नीलामी के माध्यम से
आवंटन



अन्तिम 4 दिन शेष

कुल भूखण्ड	अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेंसरी	व्यावसायिक भूखण्ड	आवासीय/ ग्रुप हाउसिंग	वे ब्रिज
442	16	120	79	09

दुकान	होटल	पेट्रोल पम्प/ CNG स्टेशन	स्कूल	संस्थानिक
161	14	10	07	16

ईएमडी अंतिम तिथि: 25 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 26 अगस्त, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 28 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

29	आबू रोड़	07	चूरू
14	अजमेर	15	बीकानेर
10	अलवर	12	झुंझुनू
13	भिवाड़ी-I	12	भरतपुर
29	भिवाड़ी-II	04	बांसवाडा
17	घिलोठ	32	भीलवाड़ा
08	दौसा	18	नीमराना

ईएमडी अंतिम तिथि: 26 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 27 अगस्त, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

01	नागौर	21	उदयपुर
02	पाली	26	जयपुर (उत्तर)
20	झालावाड़	08	जयपुर (दक्षिण)
05	मंडोर	11	जयपुर (ग्रामीण)
09	राजसमंद	06	ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर
12	कोटा	14	जोधपुर
05	सीकर	06	श्रीगंगानगर
22	बोरानाडा	28	सवाई माधोपुर
26	किशनगढ़		

राज.संवाद / सी / 25 / 8545

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in

उत्सवी माहौल में मनाया विधायक राजेंद्र भांबू का जन्मदिन, करीब 1000 यूनिट रक्तदान

झुंझुनूं, । विधायक राजेंद्र भांबू का जन्मदिन गुरूवार को उत्सवी माहौल में मनाया गया। इस मौके पर झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर दो जगहों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं विधानसभा क्षेत्र लगभग हर गांव और ढाणी में सामाजिक सरोकार व पौधारोपण करके भांबू के दीर्घायु की कामना कार्यकर्ताओं ने की।

इस मौके पर मुख्य आयोजन इंदिरा नगर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में 837 युवाओं ने रक्तदान किया। विधायक राजेंद्र भांबू ने कार्यक्रम में पहुंचकर रक्तदान करने वाले रक्तवीरों का हौंसला बढाया। इससे पहले जिला परिषद से लेकर सामुदायिक भवन तक ऊंट पर बैठाकर और जेसीबी से फूलों की बारिश कर डीजे के साथ नाचते-गाते लाया गया। सामुदायिक भवन में कार्यकर्ताओं ने अपने विधायक को कंधे पर बैठा लिया। इस मौके पर भांबू ने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्यार और स्नेह से अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प जो कार्यकर्ताओं ने लिया है।

उसकी जितनी प्रशंसा की जाए। उतनी कम है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने भांबू को 71 किलो से लेकर 31 किलो तक की आधा दर्जन मालाएं पहनाई और हैप्पी बर्थ डे भांबूजी.... भी गूंजता रहा। कार्यक्रम का संचालन जाने-माने कवि हरिश हिंदुस्तानी ने किया। जबकि फौजी कर्मवीर ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में भाजपा के कई नेता, कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और शहरवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे। दो जगहों पर हुए रक्तदान शिविरों में करीब 1000 यूनिट रक्तदान किया गया। सभी का भांबू ने आभार जताया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट सरजीत चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया, राकेश शर्मा बगड़, भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पूर्व सरपंच अर्जुन महला, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़, भाजपा के पूर्व मीडिया जिला प्रमुख पुरूषोत्तम खाजपुरिया, पूर्व पार्षद प्रमोद जानूं, पूर्व पार्षद प्रमोद जानूं, युवा नेता रवि गुप्ता बिरमीवाला, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मोरवाल, पार्षद अजय चाहर बगड़, किठाना सरपंच प्रतिनिधि हीरेंद्र धनखड़, बगड़ चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड़, अरूणा सिहाग, सुधा पंवार, पूर्व सभापति खालिद हुसैन, समाजसेवी डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया, पूर्व सरपंच सतीश खीचड़ बाकरा, महेश जीनगर, सुदर्शन चौमाल बगड़ मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री समेत दोनों डिप्टी सीएम ने दी बधाई

विधायक राजेंद्र भांबू के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दिया कुमारी, डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा, जिले के प्रभारी व केबिनेट मंत्री